तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 14 मार्च 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



मदिरा दुकानों में लगा मेला, सभी स्टाक की जुगाड़ में 14





एक करोड़ 67 लाख के स्रोत को लेकर पुलिस के ... 12




## खबर संक्षेप

### पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने प्रदेशवासियों को दी होली की शुभकामनाएं

**अंडा।** प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने होलिका दहन एवं होली के पावन अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए उनके सुखी व समृद्धिशाली जीवन की कामना की है। श्री साहू ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि होलिका की पवित्र अग्नि में आप सभी के सारे कष्ट और समस्याएं जल कर नष्ट हो जाएं। साथ ही उन्होंने होली की पूर्व संध्या पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली हमारे भारतीय संस्कृती का प्रमुख पर्व है, जो लोगों के जीवन में खुशी, उत्साह व उमंग का संचार करता है। उमंग और उत्साह से परिपूर्ण यह रंगोत्सव आपके जीवन में खुशियों के नए रंग भरे और आप सभी जीवन में नित नई सफलता अर्जित करें, यही ईश्वर से मेरी कामना है।

### पूर्व मंत्री रमशीला साहू ने होली पर्व की प्रदेशवासियों को बधाई दी

**अंडा।** प्रदेश की पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशीला साहू ने रंगों के महापर्व



होली की प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में श्रीमती साहू ने कहा कि होली भारतीय सभ्यता, संस्कृति और परम्परा का प्रमुख पर्व है। गुलाल के रंग, मिठाइयां और हर्षोल्लास इसके प्रतीक हैं। साथ ही होलिका दहन का पावन पर्व हमें अधर्म, असत्य एवं अन्याय जैसी नकारात्मक प्रवृत्तियों से लड़ने की भी प्रेरणा देती है। रमशीला साहू ने कहा कि विविध रंगों और अपनेपन से परिपूर्ण यह पर्व आप सभी छत्तीसगढ़ वासियों के लिए आनंद, खुशी और प्रसन्नता का संवाहक बने।

### फाग गायन, नृत्य एवं झांकी प्रतियोगिता 15 को

**डौंडीलोहारा।** इस वर्ष भी 15 मार्च को समीप के ग्राम संबलपुर खरखरा में फाग गायन, नृत्य एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विभिन्न मंचस्थ मंडलियों की नयनाभिराम प्रस्तुति देखने का आनंद मिलेगा। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार 7001 रुपए, द्वितीय 5001, तृतीय 4001 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 3001, पंचम पुरस्कार 2001, षष्ठम पुरस्कार 1001 रुपए की राशि रखी गयी है। इसी तरह आकर्षक पुरस्कार की श्रेणी में अनुशासन, वेशभूषा, संगीत, नृत्य, गायन, वादन एवं झांकी रखी गई है। प्रत्येक में 701 रुपए की राशि रखी गई है। फाग गायन एवं झांकी प्रतियोगिता की लोकप्रियता आस पास के क्षेत्र में काफी मशहूर है। उपरोक्त जानकारी कुलेश्वर निषाद, सुभे सोनबोईर, उसेन पटेल, देवराज रात्रे ने दी।

### पसौद में दो दिवसीय फाग गीत सम्मेलन 16 एवं 17 को

**लाटाबोड़।** कृष्ण फाग सम्मेलन समिति एवं समस्त ग्रामवासी पसौद(हल्दी)के तत्वावधान में दो दिवसीय फाग गीत सम्मेलन का आयोजन 16 एवं 17 मार्च को रखा गया है। समिति के अध्यक्ष राकेश साहू ने बताया प्रथम दिवस मंचस्थ होने वाले मंडली श्रीकृष्ण सावन के बरसा लोक कला फाग एवं रामधुनी परिवार चेन्द्रीबन नवागांव, हमर जहुंरिया फाग परिवार ग्राम सुरेगांव (अर्जुदा), जय मां शीतला जस एवं फाग परिवार ग्राम खल्लारी (गुजरा) है। समिति के संचालक धन्नू राम निषाद ने बताया की इसी तरह दूसरे दिवस होने वाले मंचस्थ मंडली में आदर्श नव युवा फाग परिवार मंडली पडकीभांट (सनौद), हरि मनमोहना फाग मंडली देवी नावागांव (बालोद), श्रीकृष्ण सखा फाग एवं जस झांकी परिवार फरदफोड़ (देवरी बंगला), जय मां शीतल शीतला फाग मंडली लखोली (राजनांदगांव), रागरंग रतनु फाग परिवार भाठा बिरेझर जिला दुर्ग वाले मंडलिया प्रस्तुति देंगी।

## पर्व : झांझ मंजीरा नगाड़े की धुन पर जगह-जगह जमी फाग की महफिल

# श्रद्धा-भक्ति के साथ पूजा-अर्चना कर देर रात किया होलिका दहन, आज रंगोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय सहित विभिन ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धा भक्ति के साथ पूजा अर्चना कर गुरुवार होलिका दहन किया गया ! इस मौके पर महिलाओं ने होलिका दहन के पूर्व होलिका स्थल पर पूजा अर्चना की प्रक्रिया सम्पन्न किए । इसके लोगों ने होलिका दहन किए जाने के उपरांत झांझ मंजीरे नगाड़े की थाप साथ फाग गीत गाते हुए एक दूसरे को रंग गुलाल से सराबोर किए।

- होली पर घर-घर में तरह-तरह के पकवान महिलाएं बनाने में व्यस्त

जिले में इस वर्ष गुरुवार को होलिका दहन किया गया इसके लिए लोगों ने सुबह से ही जहां रंग गुलाल की खरीदारी की वहीं विभिन्न पकवान भी बनाए इसके अलावा होलिका दहन के लिए शाम से ही खासकर युवा वर्ग के लोग लकड़ी एकत्र करने में जुट गए जो देर रात तक जारी रहा रात में शुभ मुहूर्त पर परंपरा अनुसार बैगा ने विभिन्न मंत्रों एवं विधि विधान के साथ होलिका का पूजन अर्चन किया तदुपरांत शुभ मुहूर्त में लोगों ने होलिका का दहन किया इस अवसर पर लोगों ने झांझ मंजीरा नगाड़े के धुन पर फाग एवं होली गीत गाए और रंग गुलाल भी एक दूसरे को लगाया। इसके पहले महिलाओं ने होलिका का पूजन अर्चन किया इस अवसर पर महिलाएं सुबह से ही होलिका दहन स्थल पर पहुंचकर जल अक्षत कुमकुम सिंदूर फुल चढाए एवं अगरबत्ती धूप दीप के साथ पूजा अर्चना की एवं आरती उतार कर आशीर्वाद लिया और होलिका का नियमानुसार परिक्रमा भी किए। जिला मुख्यालय में होलिका दहन विभिन्न स्थानों पर किया गया जिसमें प्रमुख रुप से किसान पारा स्थित गोठान में इसके अलावा गौरव पथ पर दो-तीन जगह पर पांडे पारा सिविल लाइन गश्ती चौक गंजपारा पुलिस लाइन रायपुर रोड़ पर इसके अलावा पिकरी एवं कोबिया तथा मोहभटठा एवं सिंघौरी वार्ड के विभिन्न स्थानों पर भी होलिका दहन शाम से शुरू होकर देर रात तक की चलता रहा होलिका दहन होने के बाद कई लोगों ने होलिका दहन स्थल पर पहुंचकर उसका पूजा किए कई लोगों ने अपने नियमों अनुसार कंडा भी डालें एवं आशीर्वाद लिए और परिक्रमा भी किए



### ईश्वर की भक्ति की शक्ति होती है अनुपम

त्यौहार ईश्वर की भक्ति की ताकत का प्रतीक है, भगवान विष्णु की भक्ति में रमे भक्त प्रहलाद का उनके पिता राक्षस हिरण कश्यप बाल बांका भी नहीं कर सके । हिरण्यकश्यप ने कई बार भक्त प्रह्लाल को मारने की कोशिश की लेकिन हर बार नकामी ही मिली। तब हिरण्यकश्यप ने अपनी बहन होलिका को भक्त प्रह्लाद को मारने की जिम्मा सौपा। होलिका को आग में न जलने का वरदान प्राप्त था। लेकिन ईश्वर की शक्ति शिव की भक्ति ही थी जिससे आग में न जलने का वरदान मिलने के बावजूद होली का जल गई और भक्त प्रहलाद का बाल बांका भी नहीं हुआ । इसके प्रथा के चलते हर वर्ष होलिका दहन किया जाता है और अगले दिन रंगों की होली खेली जाती है।

### पुलिस रहेगी मुस्तैद, संवेदनशील क्षेत्र में पुलिस प्वाइंट

होली पर्व पर पुलिस प्रशासन ने संवेदनशील क्षेत्र में जहां फिक्स पाईंट बनाया है वही हुड़दंग करने वाले पर सख्त कार्रवाई करने की तैयारी कर ली है।इसके अलावा जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों में पुलिस जवानों की ड्यूटी पर तैनात रहेगी वही पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी मुस्तैदी से व्यवधान उत्पन्न करने वालों पर नजर रखेगी। एसपी रामकृष्ण साहू ने जिले के थाना प्रभारीयों की बैठक लेकर कानून व्यवस्था मजबूत करने का निर्देश दिए हैं।

### बाजार में देशी समान की हुई जमकर खरीदारी

इसके पूर्व होलिका दहन के दिन जिला मुख्यालय में होली पर्व को लेकर बाजार गुलजार रहा लोगों ने विभिन्न सामानों की जमकर खरीदारी की और देसी सामान का ही खरीदारी विशेष तौर पर लोगों के द्वारा किया गया जिले में स्थित नवीन बाजार में मुख्यतः होली पर्व को लेकर विशेष रूप से दुकानें लगाई गई है जहां पर रविवार को सुबह से ही ग्रामीण क्षेत्र सहित नगर वासियों के द्वारा खरीदारी शुरू कर दिया गया था जिसमें लोगों ने विभिन्न रंगों के समान पिचकारी एवं विभिन्न आकृति वाले बाल बच्चों के लिए खरीदा वहीं इस बार कोरोना वायरस के चलते चाइना से बने हुए समान के प्रति लोगों का उत्साह ठंडा रहा जबकि इस बार भारतीय सामानों की खरीदारी की तरफ विशेष तौर पर लोगों ने ध्यान दिया बाजार में जिस हिसाब से खरीदारी हुई उस हिसाब से ऐसा नहीं लगता कि महंगाई का असर इस बार खरीदारी में लोगों के उपर प्रभाव पड़ा है।

## रानो स्कूल के बच्चों को सरपंच ने रंग-गुलाल व मिठाई बांटी



**बेमेतरा।** साजा विकास खंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो की नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन की प्रेरणा से रानो की सरपंच ममता रामलाल वर्मा ने होली के अवसर पर बच्चों को रंग, ग़ुलाल, टोपी एवं मुखौटे वितरित की तथा सारे बच्चों को व शिक्षक शिक्षिकाओं को मिठाई बांटी। संस्था में होली मिलन समारोह बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने इस पर्व को मनाने के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए पौराणिक कथा बताई तथा सरपंच ममता रामलाल वर्मा ने बच्चों के सामने अपनी बात रखी। भूतपूर्व सरपंच रामलाल वर्मा द्वारा भी अपने कार्यकाल में बच्चों को न्योता भोज के रूप में समोसा, जलेबी, मिठाई आदि का वितरण किया गया था तथा आगे भी करने का आश्वासन दिया है। शाला परिवार उनके इस पहल की सराहना करता है तथा आभार प्रदर्शन करता है। इस अवसर पर बच्चों ने होली से सम्बंधित बहुत ही सुन्दर पेंटिंग बनाया। नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने इस अवसर पर बच्चों की विशेष मांग पर स्वयं के द्वारा बनाई गई मेवायुक्त सेवई, मिठाई वितरित किए। शाला की शिक्षिका कनकलता सरसुधे ने अपने, जन्मदिन पर बच्चों को मिक्चर एवं केक दिया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मंशाराम साहू, पूर्व सरपंच रामलाल वर्मा, वर्तमान सरपंच ममता रामलाल वर्मा एवं समस्त बच्चे उपस्थित रहे।

- न्योता भोज में बच्चों ने सेवई, मिठाई, केक एवं मिक्चर का लिया आनंद

## साल्हेपुर स्कूली बच्चों ने किया होलिका दहन व गुलाल का लगाकर टीचरों से लिया आशीर्वद

**बेमेतरा।** विकासखंड बेरला के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला साल्हेपुर में स्कूली बच्चों के द्वारा होलिका दहन का कार्यक्रम मनाया गया। शाला के प्रधान पाठिका अंबालिका पटेल ने बच्चों को होलिका दहन के बारे में बताया कि, होलिकादहन एक महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार है, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह त्योहार बच्चों को कई महत्वपूर्ण अध्यात्म शिक्षाएं देता है। पौराणिक कथा के अनुसार भगवान विष्णु के भक्त प्रहलाद है। प्रहलाद के पिता हिरण्यकश्यप ने अपने पुत्र को भगवान विष्णु की पूजा करने से रोकने की कोशिश की। लेकिन प्रहलाद ने अपनी भक्ति नहीं छोड़ी।

- प्रधानपाठिका अंबालिका पटेल ने होली के धार्मिक और अध्यात्मिक महत्व की जानकारी दी

हिरण्यकश्यप ने अपनी बहन होलिका को प्रहलाद को आग में जलाने के लिए कहा, लेकिन भगवान विष्णु ने प्रहलाद की रक्षा की और होलिका को ही आग में जला दिया। इस प्रकार होलिकादहन की कहानी बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह त्योहार हमें सिखाता है कि सच्चाई और न्याय की हमेशा जीत होती हैं। यह होलिका दहन भक्ति और विश्वास की भी शिक्षा देती है। प्रहलाद की कहानी हमें भक्ति और



विश्वास की महत्ता सिखाती है। प्रहलाद ने अपने भगवान विष्णु पर पूरा विश्वास किया और उनकी भक्ति की। होलिका दहन की त्यौहार हमें नैतिकता और मूल्यों की भी महत्ता सिखाती है। यह त्योहार हमें सिखाता है कि हमें हमेशा सच्चाई, न्याय और धर्म का पालन करना चाहिए। इस प्रकार, होलिकादहन की अध्यात्म शिक्षा हमें कई महत्वपूर्ण मूल्यों और नैतिकताओं को सिखाती है। यह त्योहार हमें सच्चाई, न्याय, भक्ति और विश्वास की महत्ता को समझने में मदद करता है। इसके साथ साथ स्कूली बच्चों को स्वच्छता के बारे में भी बताया गया। बच्चों को बताया गया कि हम सुधरेंगे तो लोग सुधरेंगे। इसलिए हमें ही स्वच्छता के लिए पहल करना आवश्यक है। हम जहां तहां कूड़ा कचरा न फ़ैलाए और न ही किसी को फैलाने दे। और जहां कूड़ा करकट फैला हुआ है उसे स्थान को सफाई करने में मदद करें। और निर्धारित स्थान पर ही कूड़ा कचरा को डाला जाए। प्रधान पाठिका अंबालिका पटेल द्वारा ज्ञानवर्धक बातें सुनकर बच्चे काफी प्रभावित हुए और उन्होंने संकल्प लिए की आज से हम स्वच्छता अभियान में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। इस होलिका दहन और स्वच्छता जागरूकता के कार्यक्रम में शाला के शिक्षक डागेंद्र निषाद और प्रदीप एवं शाला के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

# मरघटा स्कूल में आठवीं के बच्चों को दी गई समारोहपूर्वक विदाई

## प्रधानपाठिका वीणा साहू ने कहा-आप सब तन से जुदा पर मन से नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मगरघटा में कक्षा 7वीं के छात्र छात्राओं द्वारा कक्षा 8वीं के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह रखा गया। इस कार्यक्रम के आयोजन से बच्चों में मैनेजमेंट स्किल का विकास हुआ।

इस कार्यक्रम में शाला के प्रधान पाठिका वीणा साहू, शिक्षक दुष्यंत निषाद और अनिता दुबे के साथ संकुल समन्वयक रामकुमार वर्मा, प्राथमिक शाला तरपोंगी के प्रधान पाठक संजय टंडन, शासकीय पूर्व माध्य शाला तरपोंगी की प्रधान पाठिका प्रतिमा चौबे, प्राथमिक शाला धोबघट्टी के प्रधान पाठक भैयाराम वर्मा, सरस्वती शिशु मंदिर मगरघटा के प्रधानाचार्य ललित साहू और शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नारायण साहू और सदस्य वसुधा साहू उपस्थित रही। प्रधान पाठिका वीणा साहू ने बताया कि विदाई यह खुशी और ग़म के बीच का समय है। केवल हम तन से दूर हो रहे है, मन से नहीं। इससे हम नए कार्य और जिम्मेदारी की ओर अग्रसर होते है।

इसी प्रकार दुष्यंत निषाद ने भी जीवन के तीन सीख के बारे में बताये। पहला योग प्राणायाम को नियमित रख स्वस्थ दिनचर्या, समय की पाबंद और छोटी छोटी कोशिश से बड़ी उपलब्धि। शाला की शिक्षिका अनिता दुबे ने बताया कि यह पल हर किसी के जीवन में कभी न कभी जरूर आती है जिसे हंसकर आगे बढ़ना है। इस कार्यक्रम से बच्चों को जीवन को रीत को समझने का अवसर प्राप्त हुआ। प्रधान पाठक ने छात्र छात्राओं के उत्साहवर्धन के लिए विभिन्न मनोरंजनात्मक गतिविधियां कराई। जिसका सभी बच्चों ने आनंद लिया। कक्षा 8वी के छात्र छात्राओं ने विद्यालय में बिताए विभिन्न खुशियों के पल को और मिलने वाली शिक्षा का आभार प्रकट करते हुए भावुक हुए। यह कार्यक्रम और यादगार और जीवंत तब हो गई जब इनके 3 साल की विद्यालय में बिताए पल को संजोकर उन्हें एक साथ प्रोजेक्टर में दिखाया गया। उपस्थित अतिथियों द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सदेव नेक रस्ते में चलने और अपने लक्ष्य पर अडिग रहने की बात कही गई। प्रधान पाठिका वीणा साहू द्वारा आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का उद्देश्यपूर्ण समापन किया गया।



### डीहपारा स्कूल की विदाई सभा में सरपंच का सम्मान

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला डीहपारा बासीन विकासखंड साजा में कक्षा पांचवी में अध्ययनरत छात्रों की विदाई समारोह का आयोजन किया गया। आज ही शाला विकास समिति की मासिक बैठक भी हुई जिसमें नव निर्वाचित सरपंच गुलमीर मोहम्मद का सम्मान समारोह का आयोजन भी रखा गया।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच पंच व समिति अध्यक्ष द्वारा माँ सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हुआ। संस्था प्रमुख प्रधान पाठक गोपी चरण साहू ने बच्चों को आशीष और शुभकामना देते हुए परीक्षा की तैयारी कैसे करे, प्रश्नों को हल करने पर अपनी बात रखी। शाला समिति के अध्यक्ष सहित उपस्थित सभी सदस्यों ने सरपंच व पंचो का गुलाल, माला, श्रीफल भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ह्दय निषाद ने शाला की मूलभूत आवश्यकता से ग्राम के नवनिर्वाचित सरपंच को अवगत कराया। इस सरपंच गुलमीर मोहम्मद ने हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। उक्त कार्यक्रम में महेंद्र राजपूत प्रधान पाठक तेंदूभाठा, पंच कुंजु ठाकुर, पंचराम निषाद विनोद निषाद, शिक्षिका सीमा रानी देवांगन, रेखा बाई, जमुना ठाकुर, आशिक मोहम्मद, नारायण, रुबीना बी, पुन्नी लाल ठाकुर सहित पालक गण बच्चे उपस्थित रहे बच्चों को प्रवेश पत्र वितरण किया गया।

# भूजल स्तर में गिरावट से जल संकट, कंट्रोल रूम स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्रीष्म ऋतु के चलते बेमेतरा जिले में भू-जल स्तर में लगातार गिरावट के कारण ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा सतत निगरानी के लिए नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) स्थापित किए गए है।

नागरिकों की सुविधा के लिए जिले में हैण्डपंप संधारण मोबाईल यूनिट, पेयजल नियंत्रण कक्ष, हैण्डपंप संधारण सामग्री, और राईजर पाइप की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। इसके अलावा संभावित संकटग्रस्त गांवों को चिन्हित कर उन पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। पंचायतों को भी हस्तांतरित नलजल योजनाओं को सतत क्रियान्वित करने के निर्देश दिए गए हैं। पेयजल संबंधी किसी भी समस्या के समाधान हेतु नागरिक सीधे नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) से संपर्क कर सकते हैं। प्रशासन की अपील प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे पानी के अपव्यय को रोकें और जरूरत पड़ने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें। संकट को कम करने के लिए जल संरक्षण के उपाय अपनाना आवश्यक है।


## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224468411


जीवेत शरदः शतम्
विकास के लिये कटिबद्ध, जनसेवा समर्पित,
छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र
आदरणीय विजय बघेल जी
(सांसद) जी को
जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ
15 मार्च
मयंक गुप्ता
दीपक मोटवानी
योगेश वर्मा
शुभम देवांगन
राहुल अग्रवाल
विनीत : राहुल अग्रवाल, बेमेतरा (छ.ग.)

## मदिरा दुकानों में लगा मेला, सभी स्टॉक की जुगाड़ में





**बेमेतरा।** होलीका दहन के दिन ओर होली खेलने की पूर्व संध्या पर जिले की शराब दुकानों पर जमकर शौकीनों का मेला लगा रहा । जिले की हर मदिरा दुकानों में रेला का नजारा देखने मिला। 14 मार्च शराब दुकानें बंद होने के चलते मदिरा के शौकीन प्रेमी स्टॉक करने दुकानों पर टूट पड़े। हालत यह रहा कि कई स्थानों में पुलिस को बुलाना पड़ा। उल्लेखनीय हो कि पिछले वर्ष 2024 में मार्च माह में होली पर्व मनाया गया। जिसमें आबकारी विभाग के आंकड़ों के अनुसार 23 और 24 मार्च होलिका दहन और होली व तीसरे दिन 26 मार्च इन 3 दिनों में 9 करोड़ 45 लाख की देसी और विदेशी शराब की बिक्री किया गया था ! जिनमें 23 मार्च को दो करोड़ 95 लाख, 24 मार्च 4 करोड़ 65 लाख वही 26 मार्च को एक करोड़ 85 लाख रुपए कि शराब मदिरा प्रेमियों ने जिले की दुकानों से खरीद थे ! इस तरह जिले के शराब शौकीनों ने इन 3 दिनों में जहां 9 कोड 45 लाख की शराब को गटक गए थे

## खबर संक्षेप



### अभियान चलाकर तालाब सफाई करने दिए निर्देश

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत महापौर श्रीमती अलका बाघमार द्वारा पार्षद जिंतेंद्र ताम्रकर, पार्षद निलेश अग्रवाल, श्रीमती शशि साहू व अधिकारियों के साथ लुचकी तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर ने कहा कि लुचकी तालाब के धार्मिक एवं सामाजिक महत्व के साथ साथ शहर के हृदय स्थल में स्थित होने के कारण यह तालाब बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। लुचकी तालाब का निरन्तर साफ़-सफाई होते रहना चाहिए। साथ ही साथ तालाब के पानी को स्वच्छ रखने हेतु दवाई का छिड़काव करने के लिए मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया। महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने वार्ड पार्षद सहित रहवासियों से आग्रह किया किया की तालाब हम सबका है, हम सबको मिलकर तालाब को साफ़ सुथरा और सुंदर रखना है। उन्होंने कहा कि शहर के अन्य निस्तारी तालाबों की भी सफाई योजना बनाकर करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जितेन्द्र ठाकुर, आसिफ़ अली सैय्यद, रजनीश श्रीवास्तव, हेमंत गोयल, नितेश जैन, उमेश गिरी व अलावा वार्डवासी उपस्थित रहें।

### सीमा को पीएचडी की उपाधि मिली

**दुर्ग।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्व विद्यालय बिलासपुर छत्तीसगढ़ से सीमा अंचल को पी.एच.डी. की उपाधि प्राप्त हुई है। उन्हें 'महादेवी वर्मा के साहित्य में नारी चेतना ' विषय पर हिंदी में पीएचडी प्रदान की गई है। सीमा ने यह उपाधि डॉ. कल्याणी जैन प्राध्यापक हिंदी शासकीय बिलासा कन्या स्नाताकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर के मार्गदर्शन में प्राप्त किया है। बता दें उन्होंने राष्ट्रीय, अंतराष्ट्रीय संगोष्ठियों में सक्रिय सहभागिता निभाई है। अभी वे शासकीय नवीन महाविद्यालय नगपुरा, जिला दुर्ग में अतिथि प्राध्यापक हिंदी के रूप में कार्यरत हैं।

### शुष्क दिवस घोषित करने मांग

**दुर्ग।** साहू तैलिक समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ सरकार से एक दिवसीय शुष्क दिवस घोषित कर प्रदेश के सभी शराब की दुकानों और होटल में बार बंद करने की मांग जिला साहू संघ दुर्ग के युवा प्रकोष्ठ दुर्ग के संयोजक मुकेश साहू ने की है।

## उठा-पटक : अध्यक्ष के बजाय अफसरों के भरोसे सोसायटियों की बागडोर

# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में अध्यक्ष बैठाने नेताओं के बीच चल रही खींचतान

**डेढ़ साल से अध्यक्ष की कुर्सी खाली, न चुनाव हुआ और न मनोनयन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक में अध्यक्ष बिठाने के लिए भाजपा नेताओं के बीच लाबिंग शुरू हो गई हैं। इस मलाईदार पद में अपनों को साधने के लिए बेमेतरा से लेकर बालोद और दुर्ग के नेता अपना वजन दिखाने में लगे हैं। नेताओं के सिफारिश के चलते अध्यक्ष पद के लिए राजनीतिक चादर बिछनी शुरू हो गई है। देखना है कि, इस चादर में ताजपोशी किसकी होगी।

जानकारी अनुसार बेमेतरा के पूर्व संचालक मंडल रहे प्रेमलाल साहू, दस साल तक अध्यक्ष का कार्य संभाले प्रीतपाल बेलचंदन और पूर्व संचालक मंडल में रहे शिव चंद्राकर सहित औंधी के दीपक चंद्राकर के नाम भी सामने आ रहे हैं। अध्यक्ष पद के लिए सभी दावेदार माने जा रहे है। ये सभी अपने अपने स्तर पर पद की लालसा लिए लाबिंग कर रहे हैं। उम्मीदवारों द्वारा दुर्ग के प्रभारी मंत्री और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू और साजा विधायक ईश्वर साहू तक सिफारिश कर रहे हैं। वही सांसद विजय बघेल के समक्ष भी दावेदारों की दरकरार पहुंच रही हैं। उल्लेखनीय है कि, कांग्रेस कार्यकाल में ही जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक के अध्यक्ष का कार्यकाल समाप्त हो गया था। लेकिन चुनाव कराने के बजाय कांग्रेस की सरकार ने मनोनयन का तरीके अपना था और यहां जवाहर वर्मा से लेकर कांग्रेस के प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजेन्द्र साहू को कुर्सी पर बिठाया था। इस बीच राज्य में भाजपा की सत्ता आने के बाद तत्कालीन अध्यक्ष रहे राजेन्द्र साहू को दिसंबर 2023 में इस्तीफा देना पडा था। उनके इस्तीफे के बाद अब डेढ साल गुजरने को है, लेकिन भाजपा की सरकार ने न तो चुनाव कराया हैं और न ही किसी पद के लिए किसी जिम्मेदार का मनोनयन किया है।




### अफसरों के भरोसे 311 समितियों की कमान

जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक में प्राधिकृत अधिकारी कलेक्टर हैं। चुनाव नही कराए जाने के कारण धान खरीदी के दो सीजन अफसरों के भरोसे ही रहा हैं। हांलाकि इस बीच सालभर तक राजेन्द्र साहू का मनोनयन किया गया था। लेकिन वे भी मुश्किल से सालभर तक ही बने रहे। जिला सहकारी बैंक के अधीन तीन जिले आते है। जिसमें दुर्ग, बेमेतरा और बालोद जिला शामिल हैं। यहां 311 समितियां आती हैं। इसलिए रायपुर के बाद दुर्ग बैंक खास प्रभाव रखता हैं।

### समितियों में भी बगैर चुनाव बैठे अध्यक्ष

जिला सहकारी केन्द्रिय बैक के आलावा जिले के अधीन आने वाले समितियों का भी चुनाव नही हुआ हैं। कार्यकाल समाप्त होने के कारण तीनों जिले के 311 समितियों में सहकारी संस्थाएं द्वारा ओआईसी व बैंक द्वारा अपने बाडी को बिठाया गया था। लेकिन भाजपा की सरकार आने के बाद अपनों को उपकृत कर दिया गया। लेकिन समितियों में भी आज तक चुनाव नही कराया गया हैं। कार्यकाल समाप्त होने के बाद भाजपा नेतओं का गुस्सा चुनाव नही कराने को लेकर फूटता रहा है। लेकिन सत्ता आने के बाद भी चुनाव को लेकर सरकार मौन हैं।

### राजधानी से चल रहा पूरा कामकाज

जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक दुर्ग के अधीन बेमेतरा और बालोद भी है। पिछले डेढ साल से अधिक समय से अध्यक्ष की कुर्सी खाली है। ऐसी उम्मीद थी कि, कांग्रेस सत्ताम में अध्यक्ष की कुर्सी के लिए तरस रही भाजपा सत्ता में आते ही चुनाव कराएंगी या अपने चहेतों को कम से कम मनोनयन करेगी। लेकिन ऐसा नही होकर डेढ साल से कुर्सी खाली है। सूत्रों का कहना है कि, केन्द्रिय बाडी में अध्यक्ष व संचालक मंडल के बजाय पुरा काम राजधानी से हो रहा हैं। नेताओं के बीच कुर्सी की लडाई के चलते ही अब तक अध्यक्ष की भर्ती नही हो पा रही हैं।

# अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को सीईओ ने दिलाई शपथ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं समस्त सदस्य नवनिर्वाचित होने बाद जिला पंचायत में प्रथम सम्मिलन आयोजन किया गया। इस दौरान सीईओ ने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सभी सदस्यों को गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग दुबे एवं उपसंचालक काव्या जैन ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का स्वागत किया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर की मौजूदगी में मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग दुबे ने नव निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, उपाध्यक्ष पवन शर्मा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद जिला पंचायत के सदस्य जिसमें दानेश्वर दालू साहू, उषा सोनवानी, जितेन्द्र यादव, सुश्री प्रिया साहू, आशा विक्की मिश्रा, श्रद्धा साहू, देवेन्द्र चंद्रवंशी, नीलम राजेश चंद्राकर, श्रीमती नोमिन ठाकुर ने शपथ ली। उल्लेखनीय है कि, जिला पंचायत बहुमुखी, बहुआयामी, शासकीय कार्यालय है, जहां ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर किया जाता है। केन्द्र तथा राज्य शासन की विभिन्न गतिविधियों एवं योजनाओं का संचालन किया जाता है। जिला पंचायत के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, अन्य पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण, समग्र विकास योजना, जिला पंचायत विकास निधि सहित विभिन्न आयामों में कार्य किया जाता है।

### समितियों के गठन पर की गई चर्चा

सीईओ बजरंग दुबे ने बताया कि, जिला पंचायत द्वारा पंचायत राज अधिनियम की धारा 47 के उपधारा (1) के अंतर्गत गठित किये जाने वाले स्थायी समितियों का विवरण बताया गया। जिसमें सामान्य प्रशासन समिति, कृषि समिति, शिक्षा समिति, संचार तथा संकर्म, सहकारिता और उद्योग, जल जीवन मिशन व पेयजल स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति समितियों का गठन कर सकेगी। वहीं सभी स्थायी समिति के सभापति होगें। सामान्य समिति को छोडकर प्रत्येक समिति में कम से कम तीन सदस्य होगे। वहीं शिक्षा समिति के सदस्यों में कम से कम एक महिला तथा अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति को भी होगा।

## चीजगांव के सरपंच ने स्कूली बच्चों को दिया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

ग्राम पंचायत चीजगांव के नवनिर्वाचित सरपंच भगेला साहू के द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला में न्योता भोज का आयोजन कराया गया। न्योता भोज में बच्चों को खीर पूड़ी एवं मिठाई बांटी गई। सरपंच भगेला साहू, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक लोकेश साहू, सहायक शिक्षक परमानंद तिवारी, मिडिल स्कूल प्रधान पाठक तीजराम ठाकुर, शिक्षक अशोक साहू, दीपक लाल ठाकुर, सरकार सिंह सभी ने बच्चों को होलिका दहन एवं रंगों की त्यौहार होली पर्व की शुभकामनाएं दी। हम सभी को आपसी दुश्मनी को भूलकर भाईचारा अपनाना है। आंख,कान,नाक,मुंह को ध्यान में रखकर होली खेलना है। इस मौके पर सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### अनुरूप बने सर्व समाज के संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष

**दुर्ग।** छग सर्व समाज संगठन के अध्यक्ष मेघनाथ यादव ने अनुरूप साहू को छ.ग. सर्व समाज संगठन का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति अनुरूप साहू के सुदीर्घ अनुभव एवं कुशल संगठनात्मक क्षमता को ध्यान में रखकर की गई है। उल्लेखनीय है कि अनुरूप साहू को दीर्घकालीन सामाजिक एवं सांगठिनक कार्य का अनुभव है। वे छ.ग. कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के महासचिव एवं प्रवक्ता तथा छत्तीसगढ़ कबीरपंथी साहू समाज दुर्ग जिला के संरक्षक हैं। उपरोक्त नियुक्ति से संगठन में उत्साह एवं हर्ष का माहौल है। सर्व समाज संगठन के पदाधिकारियों ने बधाई प्रेषित किये हैं।

बधाई देने वालों में प्रदेश साहू संघ के महामंत्री एवं सर्व समाज संगठन के महामंत्री लखन लाल साहू, रमेश साहू, जीवन सिन्हा, संत कुमार केशकर, ब्रम्हदेव पटेल,डॉ. डी.पी. देशमुख, घनश्याम देवांगन, पंचराम साहू, चंदूलाल मरकाम, भोला साहू, डॉ. आर.एल. साहू, शेखर साहू , ठगेश्वर साहू शामिल हैं।

# होली पर शांति व्यवस्था बनाए रखने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की लगाई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

होली त्योहार के अवसर पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी अरविन्द कुमार एक्का द्वारा अधिकारियों की कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार हरवंश सिंह मिरी अनुविभागीय दण्डाधिकारी दुर्ग (ग्रामीण) को अनुभाग दुर्ग ग्रामीण, शहर अंतर्गत समस्त थाना क्षेत्र, प्रफुल्ल कुमार गुप्ता तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट दुर्ग को अनुविभागीय दण्डाधिकारी दुर्ग निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। क्षमा यदु अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्य मजिस्ट्रेट दुर्ग को अनुविभागीय दण्डाधिकारी दुर्ग (ग्रामीण) के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। वसुमित्र दीवान अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्य. मजि. दुर्ग को अनुविभागीय दण्डाधिकारी दुर्ग (ग्रामीण) के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। ज्योत्सना कलिहारी नायब तहसीलदार एवं कार्य, मजि दुर्ग को अनुविभागीय दण्डाधिकारी दुर्ग (ग्रामीण) के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। श्री हितेश पिस्दा अनुविभागीय दण्डाधिकारी छावनी/भिलाई नगर को अनुविभाग छावनी, भिलाई नगर के अन्तर्गत समस्त थाना क्षेत्र, पंचराम सलामे अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्य. मजि. भिलाई नगर को अनुविभागीय दण्डाधिकारी छावनी, भिलाई नगर के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। हुलेश्वर नाथ खुंटे अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्य, मजि. दुर्ग को अनुविभागीय दण्डाधिकारी छावनी, भिलाई नगर के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। ढाल सिंह बिसेन नायब तहसीलदार एवं कार्य. मजि. दुर्ग को अनुविभागीय दण्डाधिकारी छावनी/भिलाई नगर के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। इसी प्रकार लवकेश ध्रुव अनुविभागीय दण्डाधिकारी पाटन को अनुविभाग पाटन अन्तर्गत समस्त क्षेत्र, मीना साहू तहसीलदार एवं कार्य मजि. पाटन को अनुविभागीय दण्डाधिकारी पाटन के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। सुश्री ममता टावरी अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्य, मजि. पाटन को अनुविभागीय दण्डाधिकारी पाटन के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे।

भूपेन्द्र सिंह नायब तहसीलदार एवं कार्य. मजि. पाटन को अनुविभागीय दण्डाधिकारी पाटन के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। मनोज कुमार रस्तोगी नायब तहसीलदार एवं कार्य मजि. पाटन को अनुविभागीय दण्डाधिकारी पाटन के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। रमाकांत पटेल नायब तहसीलदार एवं कार्य.मजि. पाटन के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। सोनाल डेविड अनुविभागीय दण्डाधिकारी धमधा को अनुविभाग धमधा अंतर्गत समस्त क्षेत्र, तार सिंह खरे तहसीलदार एवं कार्य. मजि. धमधा को अनुविभागीय दण्डाधिकारी धमधा के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। रवि विश्वकर्मा नायब तहसीलदार एवं कार्य. मजि. बोरी को अनुविभागीय दण्डाधिकारी धमधा के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। धर्मेश श्रीवास्तव नायब तहसीलदार एवं कार्य.मजि. बोरी को अनुविभागीय दण्डाधिकारी धमधा के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। योगेश सिंह राजपूत नायब तहसीलदार एवं कार्य.मजि. धमधा को अनुविभागीय दण्डाधिकारी धमधा के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे।

■ अधिकारियों को दिए गए पर्व में जिम्मेदारी




### क्लब ने मां-बेटियों का किया सम्मान

**दुर्ग।** लायनेस क्लब ऑफ दुर्ग सिटी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समाज में महिलाओं के योगदान की सराहना करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया।




## कल होलिका दहन होगा, पर्व को लेकर जिलेभर में उत्साह

# बाजार पर चढ़ा होली का रंग, खरीदी करने उमड़ रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

आगामी 14 मार्च को धूमधा से हाली पर्व माना जाएगा। पर्व को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह बना हुआ हैं। बाजारों में रंग बिरंगे पिचकारे और गुलाल लोगों को लुफा रहे है। शनिचरी बाजार में बडी संख्या में नंगाडा बेचे विक्रेता पहुंचे है। जहां दूर दूर से फाग समितियां नंगाडे की खरीदी करने पहुंच रहे हैं। शहर सहित्त अंचल भर में होली पर्व को लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। होलिका दहन के लिए जहां शहर के सभी चौक चौराहों से लेकर अंचल भर में लकडियों के ढेर एकत्रित किए जा रहे हैं। तो वहीं दूसरी ओर बाजार में भी होली के लिए रंग गुलाल की दुकानें सज चुकी है। इस बार भी बाजार में बच्चें का आकर्षित करने के लिए रंग बिरंगी पिचकारियों के भरमार है। हर बार गुलाल से लेकर अन्य प्रकार की रंग भरपूर मंगाए गए हैं। व्यापारियों के माने तो इस चार भी होली के बाजार में जमकर बिक्री होगी। करोड़ का व्यवसाय होने की संभावना जताई जा रही है।



### शनिचरी बाजार और इंदिरा मार्केट में ट्रैफिक जाम

शहर के इंदिरा मार्केट से लेकर शनिचरी बाजार तक ट्रैफिक जाम के हालात हैं। सडक किनारे बडी संख्या में रंग गुलाल और पिचकारियों की दुकान लगी हुई है। ऐसे में यहां सुबह से देर रात तक खरीदी हो रही हैं। होली पर्व के अवसर पर लोग जमकर रंग गुलाल खेलेंगे। इस बार भी बाजार में सबसे ज्यादा कार्टून वाली पिचकारियों बच्चों को भा रही है। हर्बल गुलाल से लेकर टोपी बिग रंग-बिरंगे आकर्षित कर रही है।

